**होली मिलन** | आदिनाथ महिला परिषद के आयोजन में महिलाओं ने उमंग के साथ खेली होली

# गुलाल, गीत और सम्मान के साथ मनाया गया होली मिलन





**नवभारत,जबलपुर।** अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन आदिनाथ महिला परिषद, गोल बाजार की आदिनाथ शाखा के तत्वावधान में आज़ाद पैलेस स्थित जैन बोर्डिंग मंदिर में होली मिलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी परिषद की बहनों ने फूलों और गुलाल के साथ उत्साहपूर्वक होली मनाई।

### दीप प्रज्वलन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। हर्षिता जैन ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया, जबकि शेफाली जैन ने होली थीम पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। अध्यक्ष प्राची जैन ने अपने दो वर्ष के कार्यकाल की गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

### सम्मान और मनोरंजक गतिविधियां

इस अवसर पर वरिष्ठ पदाधिकारियों का सम्मान मोना जैन और प्राची जैन द्वारा किया गया। परिषद की बहनों को काजल जैन, पूजा जैन और मेघा जैन ने गुलाल का टीका लगाकर सम्मानित किया। गरिमा जैन ने हाऊजी और निधि जैन ने गेम्स के माध्यम से कार्यक्रम को रोचक बनाया।

### होली के रंगों में सराबोर आयोजन

डीजे पर बज रहे होली गीतों पर महिलाओं ने नृत्य किया और पारंपरिक व्यंजनों व ठंडाई का आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन संभाग अध्यक्ष सविता जैन ने किया तथा शाखा संरक्षिका अर्चना मलैया का मार्गदर्शन मिला।

### इनका कहना है



ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी प्रेम और एकता मजबूत होती है। आज का होली मिलन कार्यक्रम बेहद आनंदमय और यादगार रहा।

**लता जैन**



परिषद की सभी बहनों के सहयोग से यह आयोजन सफल रहा। दो वर्षों के कार्यकाल में मिला यह स्नेह मेरे लिए प्रेरणादायक है।

**प्राची जैन**



सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और गेम्स ने कार्यक्रम में नया उत्साह भर दिया। सभी ने मिलकर बहुत ही हर्षोल्लास के साथ होली मनाई।

**नीलू जैन**



रंग, संगीत और उमंग से भरा यह आयोजन बहुत शानदार रहा। ऐसे कार्यक्रम समाज में अपनापन बढ़ाते हैं।

**रेशमा चौधरी**



# वरिष्ठ नागरिक परिषद ने मनाया होली मिलन समारोह

**नवभारत,जबलपुर।** वरिष्ठ नागरिक परिषद द्वारा पाटबाबा मंदिर में होली मिलन समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बजरंगबली की पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसमें वरिष्ठजनों के सुख, समृद्धि और स्वस्थ जीवन की कामना की गई। परिषद के अध्यक्ष काजल विश्वास, सचिव दिव्यकान्त निगम, संगठन मंत्री अनिल शुक्ला और कोषाध्यक्ष गुरमुखदास ने सभी सदस्यों को गुलाल का तिलक लगाकर स्वागत किया।

संगठन मंत्री अनिल शुक्ला ने जानकारी दी कि काजल विश्वास की सक्रियता और समर्पण को देखते हुए भारतीय प्रति रक्षा राष्ट्रीय पेंशनर एवं स्वास्थ्य एसोसिएशन ने उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा कानपुर के साधु सिंह को राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत किया है। इस घोषणा पर उपस्थित सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए काजल विश्वास को बधाई दी। सचिव दिव्यकान्त निगम और अनिल शुक्ला ने भी होली की शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में कोषाध्यक्ष गुरमुखदास तलरेजा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में एम.एल. अग्निहोत्री, नरसिंह राम, राम सिंह ठाकुर, बेनी सिंह राजपूत, बी.एस. चौहान, के. डुंगडुंग, एस.के. सरकार, पी.एन. झा, तुकाराम केवट, आर.के. नोआ, अतुल शर्मा, बी.पी. तिवारी, एल.एन. विश्वकर्मा, जे.पी. नागबंशी, रमेश रजक, वीरेश्वर धुर्वे सहित परिषद के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### महर्षि विद्या मंदिर में उत्साह के साथ मनाई होली



**नवभारत, जबलपुर।** महर्षि विद्या मंदिर विजय नगर में होली का त्यौहार बड़े उत्साह से मनाया गया। प्राचार्य श्रीकांत सोनी के नेतृत्व में समस्त स्टाफ सदस्यों ने रंगों का पावन त्योहार होली बहुत धूमधाम से मनाया। इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य संस्कृति से जोड़ना, भाईचारे और एकता का संदेश देना था। इस अवसर पर प्राचार्य और शिक्षकों ने साथ मिलकर फूलों और सुरक्षित रंगों से होली खेली।

# लाइनमैन दिवस पर पूर्व क्षेत्र कंपनी के तीन लाइनमैन सम्मानित

**नई दिल्ली में आयोजित हुआ समारोह, ऊर्जा राज्य मंत्री रहे मुख्य अतिथि**



**नवभारत,जबलपुर।** विद्युत व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले लाइनमैनों के सम्मान में आयोजित छठवें लाइनमैन दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के तीन समर्पित कर्मचारियों को 7 मार्च 2026 को नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया।

इस समारोह के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री (ऊर्जा, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा) श्रीपद यशो नायक रहे। कार्यक्रम में ऊर्जा सचिव पंकज अग्रवाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सम्मानित होने वाले कर्मचारियों में दशरथ पाण्डेय, सुरेश कुमार पटेल एवं दउआ सिंह शामिल हैं, जिन्होंने अपने-अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए विद्युत आपूर्ति को निर्बाध बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। दशरथ पाण्डेय (सेवा अवधि - 37 वर्ष), वर्तमान में ओ एंड एम (सिटी) संभाग कटनी में पदस्थ हैं। सुरेश कुमार पटेल (सेवा अवधि - 29 वर्ष), ओ एंड एम संभाग सीधी में पदस्थ हैं। तीनों कर्मचारियों ने विषम परिस्थितियों में भी कर्तव्यनिष्ठा, साहस एवं उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए विद्युत व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अजय गुप्ता तथा मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) संपदा सराफ गुर्जर ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# वीर नारियों को सम्मानित करते हुए दीं शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि



**नवभारत,जबलपुर।** मुख्यालय मध्य भारत एरिया में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सेवारत सैनिकों और पूर्व सैनिकों के परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक सशक्तिकरण पर आधारित संवादात्मक प्रश्नोत्तरी का संचालन सुनीता कुमारी और आशिमा सिंह ने किया। कार्यक्रम के दौरान जोनल अध्यक्ष आर्मी वुमन्स वेलफेयर एसोसिएशन (आवा) हरप्रीत कौर वंद्रा ने वीर नारियों को सम्मानित करते हुए सैनिकों की वीरता को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली कई महिलाओं को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल हिमांशी शर्मा, एचडीएफसी बैंक की उप प्रबंधक श्रीमती छवि, हरप्रीत कौर वंद्रा आदि उपस्थित रहे।























